तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

12 विनायकपुर में स्तनपान के महत्व पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ



10 हायर सेकंडरी में जलवायु परिवर्तन पर हुई कार्यशाला



## खबर संक्षेप

### चालकों को हेलमेट पहनना अनिवार्य : अपर कलेक्टर

**बालोद।** अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने बताया कि मोटरयान (संशोधन) अधिनियम 2019 में वाहन चालन के समय नियमानुसार सुरक्षा बेल्ट एवं हेलमेट के उपयोग के प्रावधान के आलोक में समस्त वाहन चालकों द्वारा धारण किया जाना अपरिहार्य है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में वृद्धि एवं बढ़ती मृत्यु दर को–दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिए जाने के संबंध में पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया गया है। अपर कलेक्टर लकरा ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अनुभाग क्षेत्र अंतर्गत समस्त गांव में कोटवार के माध्यम से मोटर साईकिल, दोपहिया वाहन से यात्र के दौरान सभी आम नागरिकों को हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने तथा पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिए जाने के संबंध में 02 दिवस के भीतर मुनादी कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

### ग्रामीणों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से गिनाई स्वास्थ्य संबंधी समस्या



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी के ग्रामीणों ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर चर्चा की। साथ ही साथ निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र का कार्य को पूर्ण करके जल्द से जल्द पूर्ण स्टाफ सहित संचालित किया जाए, ताकि मरीजों एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करनें का आश्वस्त किया। ग्रामीण निरंजन पडौती, ताराचंद, जयेश जैन, डोमार सिंह नायक, पालसिंग यादव, रेवा सोनी, आदेश साहू, डामन साहू उपस्थित रहे।

### गांजा के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा बेचने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुसिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्म श्री तंवर ने बताया कि पुलिस का ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत उतई ने अवैध रूप से गांजा बेचने वाला शंकर नगर, गौरा चौक, जोरातराई निवासी संतोष महिलांगे को बीएससी प्लांट जाने के रास्ता नहर पुलिया के पास गांजा रख बेचने और ग्राहक की तलाश करते हुए पकड़ा गया। आरोपी संतोष महिलांगे के पास से प्लास्टिक पॉलीथिन में 1.110 किलो ग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत 11 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में थाना उतई के उपनिरीक्षक प्रमोद सिन्हा समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस पर बघमरा की महिलाओं की अनूठी पहल, आठ हजार तिरंगे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के ग्राम बघमरा में स्वतंत्रता के महापर्व की तैयारियां इस बार एक अनूठे उत्साह के साथ चल रही हैं। यहां की 04 स्वयं सहायता समूहों की 20 महिलाओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा झंडा बनाने में दिन–रात जुटी हुई हैं।

इनके द्वारा अब तक 6,000 से अधिक तिरंगे तैयार किए जा चुके हैं, जिन्हें 35 रुपये प्रति झंडे की दर से बेचकर इन्होंने लगभग 2 लाख रुपये की आमदनी अर्जित की है। यह राशि न केवल उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही है, बल्कि गाँव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही है। यह न केवल आर्थिक

**संकुल प्रभारी सुनीता खुंटे की अपील-15 अगस्त को हर घर पर लहराए तिरंगा**





सशक्तिकरण की कहानी है, बल्कि राष्ट्रप्रेम और आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल भी है। हर घर तिरंगा अभियान, जो कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 2 से 15 अगस्त 2025 तक चलाया जा रहा है, इसका उद्देश्य हर भारतीय के घर में तिरंगा फहराकर देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। बालोद जिले के बघमरा गाँव में यह अभियान न केवल राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन रहा है, बल्कि स्थानीय महिलाओं के लिए आजीविका का एक मजबूत साधन भी साबित हो रहा है।

जय कपिलेश्वर स्वयं सहायता समूह की तिजन बाई ने गर्व के साथ बताया कि हमारी सिलाई मशीनें दिन–रात चल रही हैं। हर झंडे में हमारा प्यार और देश के प्रति सम्मान ▸▸| शेष पेज 10 पर

## विरोध : जनहित की योजना को पुनः चालू करने की मांग

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन व पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा किया गया।

▪ योजना बंद होने से जनता में आक्रोश

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के तत्वाधान में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पिछली कांग्रेस सरकार में चालू की गई बिजली बिल हाफ योजना के 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर 100 यूनिट किये जाने का विरोध धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन के माध्यम से किया गया।

बालोद जिला मुख्यालय में बिजली ऑफिस के पास जिलेभर से कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया की सरकार लोगो को गुमराह करने की कोशिश कर रही है लेकिन लोग समझ चुके है की बिजली बिल





हाफ योजना बंद करने से उनपर प्रतिमाह एक से दो हजार रूपए का आर्थिक बोझ बढेगा। जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा की बिजली अधि है और बिल पूरा लेने के खिलाफ लोगो में आक्रोश है, छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादक राज्य है, हमारे कोयले, हमारे पानी का उपयोग कर हमे ही महंगी बिजली बेचना सरकार की ख़राब नीति दर्शाता है. सभा को संबोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा की 100 यूनिट तक सीमा घटना आम आदमी पर आर्थिक रूप से अत्याचार है।

भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे और नेताओ के संबोधन पश्यात मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रप्रभा सुधाकर, कृष्णा दुबे, संजय चंद्राकर, पुरषोत्तम पटेल, यज्ञ देव पटेल, मिथलेश नुरुटी, हस्तीमल सांखला, भोला राम देशमुख, मीना उमाशंकर साहू, गुलशन चंद्राकर, ब्लाक अध्यक्षगण गोपाल प्रजापति, तामेश्वर साहू, अंचल प्रकाश साहू, पवन साहू, विष्णु चंद्राकर, गंगाराम साहू, प्रेमलाल ग्वाल्वंशी, सुनील मंडावी, मोती चुरेन्द्र, सोमनाथ, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मेघनाथ साहू ने किया।

# हत्या का आरोपी पेशी के दौरान न्यायालय से हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में पेशी के लिए लाए गए आरोपी ने बुधवार को शाम हथकड़ी निकालकर भागने की कोशिश की, जिसमें वह काफी हद तक सफल भी हो गया, लेकिन दो किलोमीटर दूर उसे पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

▪ सूचना मिलते ही जिला पुलिस ने खोजबीन कर कन्या कॉलेज के पास पकड़ा

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस टीम ने गुरुर ब्लाक मे ग्राम कंकालिन में हुई एक हत्या के आरोप में बालोद जेल में बंद कैदी प्रवीण कुमार को पेशी के लिए लेकर पहुंचा थी। न्यायिक प्रक्रिया के दौरान मौका मिलते ही आरोपी प्रवीण कोर्ट के पीछे से भाग निकला, जहां वह कन्या कॉलेज के पास रेत में छिपते पकड़ा गया।

आरोपी के फरार होते ही न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। पहले मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कोर्ट परिसर में ही तलाशी अभियान चलाकर आरोपी को खोजने का प्रयास किया, लेकिन जब वह नहीं मिला तो तत्काल बालोद थाने को सूचना दी।

इसके बाद पुलिस की पेट्रोलिंग टीम संदिग्ध की तलाश में निकल पड़ी और रास्ते में लोगों से पूछताछ करते हुए कुंदरूपारा और पाररास के बीच स्थित कन्या कॉलेज के पास पहुंची, जहां आरोपी रेत के पास छिपता हुआ नजर आया, जिसे पुलिस ने दबोच लिया गया।

आरोपी प्रवीण कुमार कंकालिन हत्याकांड में मुख्य अभियुक्त है। बालोद पुलिस के मुताबिक 18 जून को ग्राम कंकालिन स्थित मंदिर के पीछे गेट के पास मध्यप्रदेश के ठेकेदार सरदार सिंह की हत्या कर दी गई थी।

प्रवीण कुमार ठेकेदार का खानसामा था। खाना बनाने का काम करता था। सरदार सिंह उसे बार–बार खाना स्वादिष्ट न होने और ठीक से न बनाने की बात कहकर ताने देता था और नौकरी से निकालने की धमकी भी देता था। इन्हीं बातों से नाराज होकर प्रवीण ने उसकी हत्या कर दी।

वारदात के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी मामले में पेशी के लिए लाया गया था। जहां से वह फरार हो गया था।

# जनपद पंचायत के सीईओ ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर उमेश रात्रे द्वारा ग्राम पंचायत कोसागोंदी, अरकार, देवकोट, भोथली और कंवर ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्य, प्रधानमंत्री आवास, महिला समुह की उत्पादक समुह का गठन और आजिविका मिशन के तहत गतिविधियो के बारे में ग्राम पंचायत के सचिव एवं ग्राम रोजगार से जानकारी प्राप्त कर आवास हितग्राहियो के बन रहे आवासो का निरीक्षण किया गया साथ ही संबंधित हितग्राहियो से चर्चा की गई। हितग्राहियो को आवास जल्द पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद गुरूर द्वारा हितग्राहियो को जानकारी दी गई की आपके आवास निर्माण के प्रगति स्तर के जियो टैंग के आधार पर आवास किस्त का आबंटन उच्च कार्यालय जारी होता है साथ ही मनरेगा का 90 मानव दिवस का रोजगार इसी के आधार पर मस्टर रोल ग्राम रोजगार सहायक द्वारा जारी किया है।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद गुरूर के साथ अतिरिक्त सीईओ आरएल. सिरमौर, एनके. बागडें, मनरेगा अधिकारी योगेश देवागन, एडीओ लक्ष्मी ठाकुर, संबंधित तकनीकी सहायक और सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### खाद संकट से जूझ रहे किसान फसलों पर मंडराया खतरा

**गुरूर।** किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है, खाद नही मिलने से जिसका असर किसानों को उनकी लगाए हुई धान की फसल प्रभावित हो रही है। स्थिति यह बन गई है कि किसानों को खाद के लिए आंदोलन एवं चक्का जाम करना पड़ रहा है। क्योंकि किसानों को उचित समय पर खाद नहीं मिलने से मजबूरन मे निजी दुकानों से अधिक दामों में खरीदना पड़ रहा है, आपको बता दें कि इस वर्ष किसानों को यूरिया एवं डीएपी सोसाइटियों में मांग अनुरुप नहीं मिलने से दर दर भटकना पड़ रहा है। किसानों को 268 रुपए में मिलने वाला यूरिया खाद 500 से 600 रुपए में मिल रहा है तो वही 1350 रुपए का डीएपी खाद 1600 से 1700 रुपये में खुले मार्केट में मिल रहा है जिन्हें मजबूरन में किसानों को खरीदना पड़ा है क्योंकि सही समय में खाद नहीं डालने से धान की फसलें प्रभावित होती है जिससे उत्पादन में प्रभावित होगा। क्षेत्र के किसान बताते हैं कि इस वर्ष हम किसानों को खाद के लिए इस तरह परेशानी उठानी पढ़ रही है जिसकी कल्पना नहीं की थी सोसाइटी में खाद के लिए पर्चा जमा कर केवल इंतजार ही करना पड़ा, किंतु सोसाइटी में खाद नहीं पहुंचा स्थिति यह बन गई कि निजी दुकानों से नगद में वह भी दोगुना तिगुना पैसा देकर खाद खरीदना पड़ रहा है। आपको बता दे कि सोसाइटी में किसान खाद कर्ज ▸▸| शेष पेज 10 पर

# एनटीपीसी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का गर्ल्स फुटबॉल टीम करेगी प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोंडी

एनटीपीसी कोरबा द्वारा आयोजित ओपन बालिका फुटबॉल का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी से सोनम, शालिनी, दीपिका, दीपलता, तानिया, माधवी, प्रतिभा, मनीषा, किरण, शिवानी, दीपिका गोटी, योगिता, हर्षा, दिव्या कोरबा गये हैं जहां पर गर्ल्स फुटबॉल क्लब, डोंडी बालोद जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता 08 से 13 अगस्त तक चलेगी। जिसमें गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी, बीजापुर, बस्तर, रायपुर, नारायणपुर, दुर्ग कोरबा, बिलासपुर की टीमें भाग लेंगी, जिसमें नॉक आउट के आधार पर मैच खेला जायेगा।

यह प्रतियोगिता सीनियर खिलाड़ियों के लिए ही है जो राज्यस्तरीय सीनियर चैंपियनशिप 2025-26 के रूप में आयोजित है। जिसमें चयनित होने वाले खिलाड़ी छत्तीसगढ़ की टीम में भाग लेकर सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के पालकों, क्लब की सभी पदाधिकारी, कोच, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों नगर के खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी कि वे अच्छा खेलें और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु चयनित होकर नगर, क्षेत्र और जिला का मान बढ़ा कर अपना और अपने परिवार का नाम रौशन करें।

## सड़क दुर्घटना रोकथाम के लिए प्रशासन ने उठाया कड़ा कदम

# बगैर हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल, जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में बिना हेलमेट पहने पेट्रोल पंपों में पेट्रोल एवं अन्र्य इंधन खरीदी के लिए जाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को अब पेट्रोल नहीं मिलेगा। बालोद जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा तेजी से बढ़ रहे सड़क दुर्घटना की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु सख्त कदम उठाया है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के पेट्रोल पंप संचालकों एवं दोपहिया वाहन विक्रेताओं की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों की जीवन की सुरक्षा करना हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान को



सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता एवं सामाजिक भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

कलेक्टर ने इस अभियान को सफल बनाने में पेट्रोल पंप संचालकों एवं दोपहिया वाहन विक्रेताओं को महत्वपूर्ण कड़ी मानते हुए उन्हें जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की उपयोगिता एवं महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु ज्यादातर सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती है। जिसका मुख्य कारण दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करना है। इसलिए हम सभी कि नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि दोपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते वक्त अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए हमें क्यों न, कठोर निर्णय भी लेना पड़े।

मिश्रा ने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग करना सुनिश्चित करे, तो सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दर में बहुत कुछ कमी आ सकती है। जिसे देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग कराने हेतु सख्त कदम उठाया जा रहा है। इसके अलावा कलेक्टर मिश्रा ने जिले के दोपहिया वाहन विक्रेताओं को उनके दुकानों से दोपहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को दोपहिया वाहन के साथ साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट भी प्रदान ▸▸| शेष पेज 10 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सीएम से डीआईसी महापात्रा ने की भेंट



**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुधवार को रायपुर में मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भिलाई इस्पात संयंत्र के नवनियुक्त निदेशक चित्त रंजन महापात्र ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने भी महापात्र को शुभकामनाएँ दीं। निदेशक प्रभारी ने सीएम से बीएसपी के विस्तारीकरण में सहयोग देने का अनुरोध किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** लोगों को हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि



मुखबिर की सूचना पर नदी रोड नयापारा तिराहा गंजपारा दुर्ग के पास एक युवक धारदार चाकू लेकर लोगों को धमका रहा था। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी वार्ड 31 आपापुरा दुर्ग निवासी मोह. अफज़ल खोखर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने चाकू व नगदी तीन सौ रुपए बरामद किया है।

### मंदिर अभिषेक विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

**भिलाई।** भगवान शिव की भक्ति के लिए विशेष माने जाने वाले सावन महीने में कैम्प 01 के बालमुकुंदेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर रहा। भोलेनाथ का अभिषेक पूजन करने सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। चारों ओर हर हर महादेव और बम भोले का जय घोष गूंजता रहा। प्रत्येक वर्ष अनुसार संकट मोचन हनुमान मंदिर कैम्प 1 के प्रांगण में बालमुकुंदेश्वर महादेव का श्रावण मास में आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी द्वारा निशुल्क रुद्राभिषेक एवं पूजन कराया जाता है। इस वर्ष भगवान शिव का अभिषेक एवं श्रृंगार किया गया। इसमें अच्युतानंद पांडे, सच्चिदानंद पांडे, आशुतोष पांडे, रमेश गुप्ता, रामानंद पांडे, मिथिलेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

## निधन

### गणपत राज सुराना

**डौंडीलोहारा।** नाकोड़ा मेडिकल देवरी बंगला के संचालक



अखिलेश सुराणा के पिता गणपतराज सुराणा 75 वर्ष का गुरुवार सायं 4.30 बजे निधन हो गया। वे भाजपा नेता अरविंद सुराणा के चाचा थे। उनकी अंतिम यात्रा 8 अगस्त को प्रातः 11 बजे निवास स्थान कैलाश नगर से राजनांदगांव मुक्तिधाम के लिए जाएगी।

---

**बेखयाली : यूरोप व एशिया के स्टील प्लांट में बने हैं बड़े गोडाउन व कंटेनर**

# खुले में पड़ा रहता है कीमती रॉ-मटेरियल, बीएसपी सहित सेल में सुरक्षित रखे जाने की नहीं है योजना

**हवा, बारिश और डस्ट से प्रभावित होने का अंदेशा, संसदीय कमेटी ने योजना बनाने दिया था सुझाव**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के सभी संयंत्रों में कीमती रॉ-मटेरियल्स को खुले वातावरण से बचाने की समस्या साठ साल बाद भी बनी हुई है। मटेरियल को सुरक्षित रखने के लिए सेल और लोकल प्रबंधन द्वारा अब तक कोई योजना नहीं बना पाने के चलते कंपनी और वर्कर्स दोनों को ही कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी के साथ सेल की सभी यूनिटों में इस्पात निर्माण के लिए कई तरह के कच्चे माल का उपयोग किया जाता है। करीब दर्जनभर रा मटेरियल अत्यधिक कीमती होने के साथ स्टील की गुणवत्ता को भी मजबूत करता है। सेल व यूनियन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक स्टील निर्माण के लिए आयरन ओर, इम्पोर्टेट व लोकल कोल, डोलोमाइट, लाइम स्टोन, फेरो एलाय, फेरो मैंगनीज, सिलिको मैगनीज आदि कच्चा माल विभिन्न खदानों से प्लांट पहुंचता है। लेकिन संयंत्र निर्माण के साठ साल बाद भी विदेश के बड़े प्लाटों की तरह बीएसपी सहित सेल की किसी भी यूनिट में बहुमूल्य रा मटेरियल्स को सुरक्षित रखे जाने के लिए गोडाउन, बड़े कंटेनर या केमिकल स्प्रे आदि की योजना नहीं है। इसके चलते विभिन्न प्रकार का हजारों टन रा मटेरियल प्लांट के अंदर खुले स्थानों में में कई दिनों तक पड़ा रहता है। और खुले वातावरण का प्रभाव में रहता है। हवा, अंधड़ पानी, धूल, धूप आदि का दुष्प्रभाव इन मटेरियल्स पर पड़ने इसकी क्वालिटी पर असर पड़ने का अंदेशा बना रहता है।

जानकार सूत्रों के मुताबिक चायना, कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया, रुस यूक्रेन और अमेरिका के बड़े स्टील प्लांटों में रा मटेरियल्स को सुरक्षित रखने के लिए बड़े बड़े गोडाउन, कंटेनर व केमिकल स्प्रे आदि के प्रबंध हैं।



#### बीएसपी में इन खदानों से आता है कच्चा माल

बीएसपी में लाखों टन कीमती रा मटेरिल्स विभिन्न खदानों से आता है। मिलों और ब्लास्ट फर्नेस आदि में स्टली निर्माण के लिए उपयोग के पहले तक यह यार्ड के निकट खुले में रखा रहता है। हवा, डस्ट, बारिश का प्रभाव पड़ता है। यहां आयरन ओर दल्ली राजहरा, कोल आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड, डोलोमाइट हिर्री व मंडला माइंस,लाइम स्टोन कोटेश्वर व नंदिनी माइंस और फेरो एलाय चंद्रपुर महाराष्ट्र से आता है।

#### सुझाव पर नहीं हो पाया अमल

गौरतलब हो कि वर्ष 2001-2 में बीएसपी और बोकारो स्टील प्लांट विजिट के दौरान संसदीय कमेटी ने रा मटेरियल को हवा व डस्ट से बचाने के लिए योजना बनाए जाने का सुझाव उच्च प्रबंधन को दिया था। इसके बाद सेल के अधिकारी संगठन द्वारा भी कच्चे माल को सुरक्षित रखे जाने की योजना बनाने का सुझाव दिया था।

#### योजना का मिलेगा लाभ

बीएसपी सहित सेल की सभी यूनिटों में बहुमूल्य कच्चे माल को खुले वातावरण से बचाने के लिए योजना बन जाने से बारिश व डस्ट से इसकी सुरक्षा हो सकेगी। साथ ही इसकी ढुलाई आदि में वर्कर्स और प्रबंधन को अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी। इससे सेल के 31 मिलियन टन उत्पादन विस्तार के लक्ष्य के साथ सेलेबल स्टील की डिमांड विश्व बाजार में बढ़ेगी।

---

### पुराना जर्जर पुल बना ग्रामीणों की मुसीबत, बढ़ा खतरा



**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत पसौद में लगभग 20 वर्ष पूर्व बोरी पसौद बाईपास मार्ग पर बना पुल अब पूरी तरह जर्जर होने के कगार पर है और ग्रामीणों के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। यह पुल आसपास गांवों को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग है, जिसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है कोई हिचकोले खाकर गिर रहे तो कोई साईकिल मोटर साईकिल से गिरकर चोटिल हो रहे है। दिन में ही आवागमन कठिन है तो रात के समय की स्थिति अत्यंत खतरनाक बन जाती है। अंधेरे में पुल के गड्ढे दिखाई नहीं देते पुल पर दरारें होने के साथ उखड़ी हुई सतह और किनारों की कमजोर नींव इसे दुर्घटना का इंतजार करता ढांचा बना चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के मरम्मत और नवीन निर्माण के लिए कई बार शासन-प्रशासन को आवेदन दिए जा चुके हैं किंतु आज तक केवल आश्वासन ही मिला है।

---

## हायर सेकंडरी में जलवायु परिवर्तन पर हुई कार्यशाला

**पर्यावरण संरक्षण पर विद्यार्थियों और समाज का किया गया ध्यानाकर्षण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर में क्लब गतिविधि के तहत पर्यावरण संरक्षण पर विद्यार्थियों और समाज का ध्यानाकर्षण कराने के उद्देश्य से गणित एवं विज्ञान क्लब के तत्वावधान में जलवायु परिवर्तन पर सेमीनार कार्यशाला का आयोजन हुआ। सेमीनार के साथ स्वयं सेवी माधवी साहू के नेतृत्व में पटवारी होमेंद्र साहू, पटवारी लालकृष्ण ठाकुर एवं रोमन धनकर टीम द्वारा संचालन किया गया। इसमें बच्चों ने धरती के बढ़ते तापमान एवं तापमान में वृद्धि के कारण एवं उसके प्रभाव के कारण एवं साथ ही साथ उनके निवारण के संबंध में जाना। जलवायु परिवर्तन पर आधारित कार्यशाला में तथ्यों के द्वारा सत्र 2030 तक का साल



जलवायु परिवर्तन के लिए एक महत्वपूर्ण समय सीमा है। पेरिस समझौते के तहत, वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने के लिए 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में बड़ी मात्रा में कमी लाना आवश्यक है। परन्तु हमने 2025 में ही उस आंकड़े को पार कर लिया है। अतः ऑपरेशन 2030 एक जन-जागरूकता अभियान के रूप में भी देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को जलवायु संकट के बारे में जागरूक करना और उन्हें कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना है। इसी सेमीनार कार्यशाला का आयोजन गणित क्लब प्रभारी संजय बंजारे, विज्ञान क्लब प्रभारी ओमन मारकंडे एवं सुमन बंजारे, के आपसी समन्वय से हुआ। इस प्रकार से विद्यालय के विद्यार्थियों को फोकस करते हुए सेमीनार कार्यशाला पर प्राचार्य बीके बहुरुपी द्वारा पर्यावरण जागरुकता दल को धन्यवाद ज्ञापित कर पर्यावरण सरंक्षण में इसे अभिनव पहल बताते हुए आगामी समय में ऐसे ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर परव्याख्याता निर्मल ठाकुर, कांशीराम सोरी, केशव मानकर, रामकुमार प्रजापति, रामस्वरुप तिवारी, बंजारे ईशु साहू, नितिन यादव, गोविंद उइके, छलना सहारे, बीरम मसियारे, दुर्गा कतलाम सहित समस्त कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## सरपंच रमाकांत साहू की पहल से कोचिंग तथा लाइब्रेरी शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

ग्राम पंचायत आगेसरा के युवा सरपंच रमाकांत साहू ने शिक्षा को आगे बढ़ाने और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए की अनोखी पहल आगेसरा में निःशुल्क ऑनलाइन, ऑफलाइन तरीके से कम्प्यूटर क्लास, नवोदय, सैनिक भर्ती और सीधी भर्ती की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए एक अच्छी पहल की है, साथ ही युवाओं के लाइब्रेरी भी गांव के एक भवन में ही पूरा व्यवस्था किया गया है, जिससे युवाओं को निःशुल्क शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, जनपद सदस्य अजय साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश मंडल, सरपंच गातापार रेवा राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बेलहरी अमित अग्रवाल, कविता साहू, सरपंच अरमरीखुर्द ऐमन आठे, सरपंच किकिरमेटा देवकी चुरामन साहू, उप सरपंच सुशीला साहू, पंच केशव सोनी, रोहित साहू, थानसिंग पटेल, एकेश्वर गणेश सोनी, प्रेमलता साहू, ईश्वरी साहू, उर्वशी सोनी, हेमलता पटेल, रामहिन निषाद, साथ ही वरिष्ठ नागरिक जसवंत साहू, कन्हैयालाल साहू, कमलेश्वर साहू, तीरथ पटेल, कमलेश यादव, अभिषेक सेन, भानु प्रताप साहू, सुखनंदन साहू, पूनम पटेल, योगेश साहू, कृष्णा साहू, विनय साहू, छबलूराम साहू, श्रीपति राम पटेल, रोहित साहू एवं स्कूली के शिक्षक गण बच्चों के की उपस्थिति रहा।

जनप्रतिनिधियों की माने तो यह संस्था पूरे छत्तीसगढ़ का पहला ग्राम पंचायत होगा, जहां पर डिजिटल इंडिया के साथ–साथ कोचिंग तथा लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

---

## खरथुली में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया



**बालोद।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय खरथुली में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे पालक, शिक्षक, स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सरपंच हरख राम खरे एवं शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष मान सिंह तारम, पालक शिक्षक समिति अध्यक्ष कृष्णा राम भुआर्य एवं सचिव व कोशाध्यक्ष उपस्थित थे।

बैठक मे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना एवं तिलक वंदन कर दिया गया। इसके बाद अतिथि एवं पालको का स्वागत किया गया। जहां शाला के प्रभारी प्राचार्य भागवत प्रसाद चतुर्वेदी द्वारा पालक शिक्षक मेगा बैठक के उदेश्य एवं शासन के द्वारा निर्देशित बिन्दुओ पर चर्चा कर पालको को जानकारी दिया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने छात्र छात्रओ के सर्वागिण विकास के लिए चर्चा के बिन्दुओ का परिपालन करने पालक को संबोधित किया। कृष्णा राम भुआर्य ने विद्यार्थीयो को पाण्डव अर्जुन की तरह लक्ष्य को केंद्रित करने हेतु प्रेरित किया। किर्तन राम देवांगन एवं सरपंच हरख राम खरे ने अपने विद्यार्थी जीवन का अनुभव साझा किया।

शिक्षक प्रदीप साहू, राजेश साहू, होरी लाल, खेमलाल ठाकुर, हरीश कुमार, रावटे, इंदु वर्मा, यशोदा नायक, रेखा देशमुख एवं संकुल समन्वयक युगलकिशोर निर्मलकर ने पालक मेगा बैठक पर विभिन्न बिन्दुओ पर विस्तृत जानकारी दिये। जिसके बाद गजेन्द्रपुरी गोस्वामी ने वार्शिक शैक्षणिक कार्यशाला योजना एवं ब्लू प्रिंट पर आधारित विशयो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन गजेन्द्रपुरी गोस्वामी एवं डोमेन्द्र साहू ने आभार प्रदर्शन किया।

---

## छग योग आयोग अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**डौंडीलोहारा।** राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का प्रथम आगमन हुआ जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। वे संत राम बालक दास के अवतरण दिवस के अवसर रूद्र अभिषेक महोत्सव में पाटेश्वरधाम पहुंचे थे। वहां से वापसी पश्चात नगर के भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल के निवास पहुंचे, जहां भाजपा मंडल के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बताया कि योग अब छत्तीसगढ़ के जमीनी स्तर पर गांव गांव पहुंचाया जावेगा। अभी योग का बजट नौ करोड़ है जिसे बढ़ाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा जा चुका है। केन्द्र सरकार का भी सहयोग मिलने की पूरी उम्मीद है। आगे हमारी योजना है कि सभी छात्रावास में योग शिक्षक की भर्ती की जायेगी। पहले बस्तर में शुरुआत की जावेगी। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से कहा कि आगामी विधानसभा सभा चुनाव में बालोद जिले के सभी विधानसभा को जीतने का लक्ष्य रखे, रूपनारायण जी भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक भी रहे है जिस नाते छत्तीसगढ़ के सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उनसे परिचित है तथा उनके कार्य शैली तथा संगठन क्षमता से अवगत है। इस अवसर पर नगरपंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढा, लता गुप्ता, महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा, आर एस एस के खण्ड कार्यवाह महेंद्र जायसवाल, मछुआरा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शिव धरम गुडे, पाटन क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, गुण्डरदेही के वरिष्ठ भाजपा नेता केशव साहू, पूर्व एल्डर मेन यतेंद्र देवांगन, दिलीप बाफना, धीरेन्द्र टांक, पूर्व पार्षद जीवराखन कौमार्य, प्यारे लाल निषाद, धीरज जैन, निखिल शर्मा, अनुराग जायसवाल, भारती जायसवाल, ललित तिवारी, सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

---

## पेज 9 के शेष

### स्वतंत्रता दिवस पर बघमरा की ...

सिल दिया जाता है। यह काम हमें आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ–साथ देशसेवा का गौरव भी दे रहा है। सहेली स्वयं सहायता समूह की देवकी विश्वकर्मा ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि पहले हम छोटे–मोटे कामों पर निर्भर थे, लेकिन इस अभियान ने हमें एक नई पहचान दी है। तिरंगा बनाना सिर्फ काम नहीं, बल्कि देश के लिए कुछ करने का जुनून है। इस कमाई से मैं अपने बच्चों की पढ़ाई और घर की जरूरतें पूरी कर पा रही हूँ। "नवज्योति स्वयं सहायता समूह" की सरोजनी साहू ने भी उत्साह के साथ बताया, हमारी मेहनत से तैयार तिरंगे जब गाँव और जिले के घरों में लहराते हैं, तो हमें गर्व महसूस होता है। हम चाहते हैं कि हर घर में तिरंगा लहराए और हमारा गाँव इस अभियान में सबसे आगे रहे। गाँव की इन चार जय कपिलेश्वर, सहेली, नवज्योति और अम्बे स्वयं सहायता समूहों ने न केवल तिरंगा निर्माण का जिम्मा उठाया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि झंडे उच्च गुणवत्ता के हों। सिलाई मशीनों के माध्यम से ये महिलाएँ तिरंगे के तीन रंगों—केसरिया, सफेद और हरे को एक साथ जोड़कर राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और सटीकता का पूरा ध्यान रख रही हैं। बिहान की संकुल प्रभारी सुनीता खुंटे ने जिले के लोगों से अपील की है कि वे हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनें और अपने घरों पर तिरंगा फहराएँ। उन्होंने कहा कि हमारी मेहनत से बने ये तिरंगे आपके घरों की शान बढ़ाएंगे। आइए, 15 अगस्त को हर घर में तिरंगा लहराकर देशभक्ति का जश्न मनाएँ। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं। इन समूहों को स्थानीय प्रशासन और ग्रामीण आजीविका मिशन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। तिरंगे बिक्री के लिए शहर में स्टॉल, दुकानों और स्थानीय बाजारों में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों को तिरंगा निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और अभियान का उद्धेश्य पूरा हो। राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के सहायक परियोजना अधिकारी नितेश साहू ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की कुल 13 स्वसहायता समूहों द्वारा अब तक 08 हजार से अधिक तिरंगा झण्डा बनाकर विक्रय किया जा चुका है तथा 05 हजार नग झण्डे का आर्डर प्राप्त हुआ है।

### खाद संकट से जूझ रहे ...

में लेकर लेते हैं जहां धान की फसल बेचकर कर्ज चुकाया जाता है, किंतु निजी संस्थानों में खाद को नगद खरीदना पड़ रहा है, वह भी उचित मुल्य से अधिक दामों पर जिसके चलते किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रहा है।

### बगैर हेलमेट के ...

करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर पेट्रोल पंप के समीप आईएसआई मार्क वाले हेलमेट दुकान प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। मिश्रा ने जिला परिवहन अधिकारी को इस संबंध में शीघ्र जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस कार्य को सुनिश्चित कराने हेतु उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्धारित स्थानों पर पुलिस के जवानों की तैनातगी भी कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने दोपहिया वाहन के माध्यम से बिना हेलमेट पहने कार्यालय आने वाले तथा नियमों का अवहेलना करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने आम नागरिकों को दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट की महत्ता एवं उपयोगिता की जानकारी देने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाकर इसका समुचित प्रचार प्रसार भी कराने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने पेट्रोल पंपों में बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से इसकी जानकारी देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से मुनादि कराकर आम नागरिकों को इसके संबंध में जानकारी प्रदान कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी पेट्रोल पंपो में सीसीटीवी कैमरा की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर, इसे पूरे समय क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं दोपहिया वाहन विक्रेताओं को आज की बैठक में दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कहा कि सड़क दुर्घटना आम नागरिकों के जीवन से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता एवं जनभागीदारी से ही सड़क दुर्घटना के रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने जिले के पेट्रोल पंप संचालकों से आग्रह किया कि विषय की गंभीरता को देखते हुए किसी भी स्थिति में दोपहिया वाहनों में बिना हेलमेट पहनकर आने वाले लोगों को किसी भी स्थिति में पेट्रोल न दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम आम नागरिकों के उपर सख्ती बरतना बिल्कुल भी नहीं है। लेकिन सड़क दुर्घटना के दौरान होने वाल जनहानि को रोकने के लिए उन्हें हेलमेट के उपयोग के लिए प्रेरित करना अत्यंत आवश्यक है।

---

**निगम में विकास कार्य के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार के विरोध में निर्दलीय पार्षद**

# अधीक्षण अभियंता ने पोल और नाली की जांच रिपोर्ट आयुक्त को सौंपी, पार्षदों ने कहा- कार्रवाई नहीं हुई तो जाएंगे हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत 2 करोड़ रुपए से नाली निर्माण और लग रहे पोल के काम में भ्रष्टाचार की जांच अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा के नेतृत्व में पूरी हो गई।

पार्षदों का कहना है कि जांच रिपोर्ट निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय को सौंप दी है, लेकिन उसे सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इससे आक्रोषित होकर निर्दलीय पार्षदों ने निगम आयुक्त को एक पत्र सौंपा है कि वो जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक करें और हुए भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करें। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वो लोग इस मामले को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। भिलाई निगम के

**नाली निर्माण को लेकर जांच करती निगम की टीम**



निर्दरीय पार्षद हरिओम तिवारी और उनके साथी रविशंकर कुर्रे, मीरा जितेंद्र बंजारे, रानू राजू साहू और अनीता अजय साहू ने इसे लेकर निगम आयुक्त के नाम एक पत्र सौंपा है। उसमें उन्होंने लिखा कि अधीक्षण यंत्री अजीत तिग्गा, नितेश मेश्राम, शहर मंत्री केशव चौबे व पार्षदों के द्वारा दोनो मामलों की जांच पूरू कर ली गई है। उनके द्वारा जांच रिपोर्ट भी सौंप दी गई है। इस जांच रिपोर्ट को पार्षदों और मीडिया के बीच सार्वजनिक किया जाए। दोनों मामलों में बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है। इस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो वो लोग न्यायालय की शरण में जाने के लिए बाध्य होंगे।

#### करोड़ों की लागत से हो रहे नाली निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार

पार्षदों ने बताया कि जीई रोड के किनारे कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली की जांच के दौरान पाया गया कि ठेकेदार ने नाली के बेस को 12 इंच की जगह मात्र पांच इंच मोटा ही बनाया है। इतना ही नहीं नाली की दीवार में जो लोहे की सरिया लगनी थी वो 4-4 इंच के गैप में लगनी थी, लेकिन ठेकेदार ने लोहे की चोरी करने के लिए दो सरिया के बीच की दूरी को 8 इंच रखा है। अधीक्षण यंत्री और शहर मंत्री ने भी इस पर आपत्ती जताई है।

#### पुराने पोल से जोड़ दिया नए पोल का ऊपरी भाग

निगम के इंजीनियर्स की टीम ने लग रहे नए पोल की जांच की तो पाया गया कि पुराने पोल पूरी तरह से सही थे उसके बाद भी उनकी जगह नए पोल लगाए गए। इतना ही नहीं जो नए पोल लगाए गए हैं उन्हें पूराने पोल को काटे गए टुकड़े से ही ब्लेडिंग करके जोड़ दिया गया है। पार्षद हरिओम तिवारी ने कहा कि जांच के दौरान साबित हुआ है कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया गया है और जनता के पैसों का दुरुपयोग किया गया है।

**जांच अधिकारी ने कहा कल सम्मिट होगी रिपोर्टः** इस बारे में जब निगम के अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट बन गई है। कल इसे आयुक्त के सामने सौंपा जाएगा। उसके बाद ही इसके बारे में कोई जानकारी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने पीएम आवास, मॉडल आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम कोरगुड़ा एवं बटेरा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से आवास निर्माण के कार्य को पूरा करने तथा निर्माणाधीन आवास में अनिवार्य रूप से सोख्ता गड्ढा निर्माण कराने के निर्देश दिए। मिश्रा ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास में सोख्ता गड्ढा निर्माण के पश्चात ही अंतिम किश्त की राशि जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरा उन्होंने ग्राम कोरगुड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही चिंटूराम एवं कृष्णाराम से चर्चा कर आवास जानकारी ली। मिश्रा ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना से मिले राशि का उपयोग आवास निर्माण कार्य करते हुए अपने लिए बेहतर आवास निर्माण करने की समझाईश दी। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ग्राम बटेरा पहुँचकर मनरेगा, महिला एवं बाल विकास तथा जिला खनिज न्यास संस्थान की राशि से निर्मित की जा रही मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन में शेष रह गए सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करते हुए 15 अगस्त को इस मॉडल आंगनाबाड़ी भवन का लोकार्पण कराने के निर्देश भी दिए।

### रेंगाडबरी में 4.40 लाख के दो कला मंच का भूमि पूजन



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के ग्राम रेंगाडबरी में जिला पंचायत निधि से जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम द्वारा 2 लाख की लागत से टोलापारा में कलामंच एवं जनपद पंचायत निधि से पूर्व जनपद सदस्य हेम कुमार रावटे द्वारा 2 लाख 40 हजार की लागत से बजरंग नगर में स्वीकृत कला मंच का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने बताया गया कि यह कार्यक्रम क्षेत्र की संस्कृति उन्नति और जनहित की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य, गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, भूपेंद्र साहू युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, भूपेंद्र सहारे युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष, भावना जयेश जैन सरपंच ग्राम पंचायत रेंगाडबरी, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता थान सिंह रावटे, दराज खान, दिनेश गुप्ता, रवि साहू सेक्टर प्रभारी, धर्मेंद्र निषाद, सुदामा भंडारी, छगन आर्य सहित अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे यह मंच आने वाले समय में गांव की कला संस्कृति और प्रतिभा को नया आयाम देगा।

## अभियान : पालकों से की संवाद, बच्चों की पढ़ाई में सहभागिता बढ़ाने की अपील

# शिक्षा की गुणवत्ता और परीक्षा परिणाम सुधार के लिए कलेक्टर मिश्रा ने पालक-शिक्षक बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के साथ–साथ परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ–साथ पालकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने शिक्षक, बालक एवं पालक मिलकर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डौण्डीलोहारा के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

मिश्रा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय डौण्डीलोहारा में आयोजित पालक–शिक्षक मेगा बैठक में शामिल होकर विद्यालय के अध्ययन–अध्यापन के व्यवस्था का पड़ताल किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कराने तथा विद्यालय के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। मिश्रा ने बैठक में उपस्थित पालकों शिक्षकों एवं बच्चों से बातचीत कर पढ़ाई–लिखाई में बच्चों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। श्रीमती मिश्रा ने पालकों से बच्चों की पढ़ाई–लिखाई के संबंध में जानकारी रखने तथा उनके अध्ययन–अध्यापन के कार्य में सहभागी बनने की भी अपील की।

बैठक में मिश्रा ने संस्था के प्राचार्य से पिछले शिक्षा सत्र में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौण्डीलोहारा के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियो के अलावा संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक–शिक्षिकाओं से विद्यालय के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु बच्चों के लिए नियुक्त किए गए मेंटरों से भी बातचीत कर उनके द्वारा परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाए जाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु शुरू किए गए मेंटर की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत 80 प्रतिशत से अधिक अंक वाले तथा 50 से 80 प्रतिशत तक एवं 50 से कम प्रतिशत वाले विद्यार्थियों को तीन श्रेणियों में विभाजित कर इन बच्चों के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने हेतु प्रत्येक बच्चों के लिए मेंटर नियुक्त की गई है। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित शिक्षक–शिक्षिकाओं से चर्चा कर विषयवार अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी शिक्षकों से कड़ी मेहनत करते हुए शिक्षा गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालय के परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने के पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक वाले बच्चों के परीक्षा परिणाम को और अधिक उत्कृष्ट बनाने हेतु संस्था के प्राचार्य को मेंटर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में उपस्थित पालकों से चर्चा कर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने विद्यालय परिसर में स्थित अटल टिकरिंग लैब, स्टाफ रूम, शौचालय आदि विभिन्न कक्षों का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने अटल टिकरिंग लैब में बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल का अवलोकन कर इसे और अधिक अपग्रेड करने को कहा।

## नाली निर्माण कार्यों का जिपं सभापति ने किया भूमिपूजन





**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत नवागांव एवं गातापार, उमरपोटी में पक्की नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने किया। सभापति कल्पना नारद साहू ने भूमिपूजन समारोह में कहा कि जनता ने नेता बनाया नेता जनता का भला कर स्वर्णिम इतिहास रचे। आम जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना जनप्रतिनिधियों का पहला कर्तव्य है।आमजनता ने समस्याओं की आसानी से हल पाने के लिए ही जनप्रतिनिधि चुनते है। इनके आकांक्षाओं में खरा उतरने का हर संभव प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि की कोई भी प्रतिनिधि तभी बड़ा बन सकता है जब वह जनता की दर्द को समझकर हल निकालने के लिए तत्पर रहे।सभापति कल्पना ने कहा कि जनप्रतिनिधि पद गरिमा के अनुरूप जब अपने कार्यकाल में अच्छा काम करते है तब जनता उन्हें अपने सिर आंखों पर बैठाती है।तब नेता जनता के चहेते बन पाते हैं। इस अवसर पर जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, अध्यक्ष भाजपा यूवा मोर्चा दक्षिण पाटन नारद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत गातापार रेवाराम साहू, सरपंच ग्राम पचायत नवागांव कविता साहू, उपसरपंच गातापार दिलीप साहू, उपसरपंच नवागांव बी छगन साहू, रोजगार सहायक चोवाराम नेताम, कौशल साहू, देवेंद्र साहू, पंच प्रेमीन साहू, पार्वती साहू, ओमिन साहू, सरश्वती नेताम, लेखराम साहू, भेमराज साहू, यशोदा साहू, दिलीप नेताम, तुसंत टंडन आदि मौजूद थे।

## दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय, जामगांव आर में सत्र 2025–26 के लिए स्नातक स्तर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश केला एवं पूर्व अध्यक्ष व ग्राम जामगांव आर के सरपंच रूपेंद्र शुक्ला का स्वागत किए। सीनियर विद्यार्थियों द्वारा नवागंतुकों का तिलक व पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत कर की गई।

### विद्यार्थी चरित्र निर्माण को सर्वोपरि रख मंजिल की ओर बढ़े

प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन और चरित्र निर्माण की प्रेरणा देते हुए कहा कि विद्याथएँ जीवन ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।भविष्य संवारने के लिए लगन समर्पण और ईमानदारी के साथ जितना मेहनत करेंगे मेहनत के अनुरूप मेहनत के फल में स्वाद आयेगा। माता पिता बड़ी उम्मीद से आपके उज्ज्वल भविष्य को अपना सपना मानकर कालेज भेजते है उनके सपनों को साकार कर अपना भविष्य बनाने मंजिल को अर्जुन लक्ष्य बना ले सफलता कदम चूमती है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश केला ने शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों से ईमानदारी व तन्मयता से मेहनत करने का आह्वान किया। शासकीय कालेज के पूर्व अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों और चरित्र निर्माण के महत्व पर बल दिया तथा छात्रओं की बढ़ती संख्या को समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा बताया। डॉ. अरुणेंद्र तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विषय संरचना, विकल्पों एवं सेमेस्टर प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। रा.से.यो. प्रभारी श्रीमती चेतना सोनी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सामाजिक महत्व व लाभों से विद्यार्थियों को परिचित कराया।

पुस्तकालय प्रभारी मुकेश कठोतिया ने पुस्तकालय की नियमावली और पुस्तकों के रख–रखाव के तौर–तरीकों को सरल भाषा में समझाया। सभी संकाय प्रमुखों ने अपने–अपने विषयों के महत्व और करियर की दृष्टि से उपयोगिता पर प्रकाश डाला, जिससे विद्यार्थियों को विषय चयन में सहायता मिली।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेशधर दीवान द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण की सक्रिय सहभागिता रही।

## मोबाइल लूट का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मोबाइल लूट कर फरार होने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बाम्बे आवास जवाहर नगर निवासी झनकार ढाली 4 अगस्त को की रात अर्जुन नगर कैम्प 1 निवासी चंदू उर्फ चंदू डॉन कैम्प 1 हनुमान मंदिर के पास बाइक लेकर खड़ा था। इसी दौरान वो शिकायतकर्ता से पैसों के लेनदेन की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा।

जब पीड़ित ने उसका विरोध किया तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसका मोबाइल लेकर भाग गया। वैशाली नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई। टीम ने कई जगहों पर छापेमारी करके उसे गिरफ्तार किया। चंदू ने पूछताछ में मोबाइल लूटकर फरार होना स्वीकार किया।

## लमती में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- बच्चों की पढ़ाई और पोषण पर हुई चर्चा



ब्लॉक मुख्यालय से दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम लमती के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से मंगलवार को पालक शिक्षक प्रथम बैठक का आयोजन शाला स्तर पर किया गया। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित निम्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें संस्था में पदस्थ प्रधान पाठक भगवती प्रसाद आमदो, प्रभारी प्रधानपाठिका प्रियंका लोहरे एवं शिक्षक शेख अनजान, चूड़ामणि ठाकुर, संध्या पिस्दा विशेष रूप से चर्चा किये जिसमें बताया गया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए उचित वातावरण हेतु घर में ही पढ़ाई का कोना या एक निश्चित स्थान तय होना चाहिए। जहां उचित प्रकाश एवं रोशनी हो, जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित किया जा सके। यह स्थान घर के प्रवेश द्वार से दूर हो ताकि घर में आने-जाने वाले व्यक्तियों से बच्चों को पढ़ाई के समय कोई बाधा न हो। पालक वहां पर समय सारणी चस्पा करे ताकि बच्चा पढ़ाई के लिए अनुशासित हो। इस विषय पर पालको ने पढ़ाई का कोना बनाने हेतु सहमत हुए। पालकों को अपने बच्चों की दिनचर्या सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों की आयु ,कक्षा अनुरुप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी पालकों को दी गई।

जाति, निवास प्रमाण पत्र शाला स्तर पर पहल करते हुए पालकों से सभी दस्तावेज मंगाकर शासन द्वारा आयोजित शिविरों के माध्यम से बनवाये जाने की बात कहीं गई। स्कूल में न्योता भोज हेतु सामुदायिक भागीदारी पर आधारित यह कार्यक्रम विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर देने हेतु प्रेरित किया गया। जैसे कि आज बैठक दिवस पर सरस्वती महिला स्वसहायता समूह द्वारा न्योता भोज दिया गया। उसी प्रकार छात्रवृत्ति, पॉक्सो एक्ट ,डिजिटल प्लेटफार्म एवं शिक्षा हेतु स्कूल में 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की उपस्थिति नियमित हो विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। उक्त बैठक में पालक के रूप में मुरीत राम ठाकुर,मेघनाथ सिवना, होलकर, परमेश्वर खरे, घनश्याम खरे,अजीत राम, देवस राम, महेतरु राम कुलेश्वर, देशिंग लाल, तुलसी राम, टेकराम, गुलशन, गोकुल ,परमेन्द्र, दिलीप कुमार, राकेश, मनोज ,रतन लाल भुनेश्वरी अंजली, डिम्पल, रेणुका ,खिलेश्वरी, मनीषा, मधु ,भुनेश्वरी खरे ,मीना ,देवकुमारी ,सविता आदि उपस्थित रहे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद की मासिक बैठक 6 अगस्त को संपन्न हुई। मुख्य अतिथि संघ के नए सदस्य सेवानिवृत्ति व्याख्याता शेष नारायण दुबे, विशेष अतिथि महेश कुमार साहू एवं रामलाल साहू वन विभाग, गंगाराम साहू एवं पंच बाई साहू शिक्षा विभाग, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर अमित द्विवेदी एवं डॉक्टर पूनम चंद सोनकर दल्ली राजहरा से उपस्थित थे।

बैठक का मुख्य एजेंडा प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में बालोद जिले के प्रतिभागियों का शपथ ग्रहण समारोह की जानकारी, पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण की दिशा में विगत माह आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में सदस्यों की सहभागिता, आयुष चिकित्सालय द्वारा पेंशनरों के स्वास्थ्य जांच एवं दवाई वितरण, एवं स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने हेतु विशेष रूप से चर्चा किया गया। अतिथियों ने संघ की सदस्यता ग्रहण करने से संगठन शक्ति बढ़ती है और इसके माध्यम से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सकते हैं। अपने अनुभवों को पेंशनरों के साथ शेयर कर इसका लाभ समाज एवं राष्ट्र को प्रदान कर सकते हैं। मुख्य अतिथि दुबे ने कहा कि मैं जिस स्कूल में अध्ययन किया वहीं शिक्षकीय कार्य करते हुए लंबी अवधि तक सेवा प्रदान की।

हम सभी का दायित्व है कि अपने विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी को संघ से जोड़ने हेतु प्रेरित करना है। क्योंकि हम एक सामाजिक प्राणी है हम बचपन में बच्चों के समूह में रहते हैं धीरे–धीरे परिवार और समाज में हम जुड़ जाते हैं सेवा में रहते हुए संगठन में जुड़कर अपने अनुभवों का लाभ समाज और राष्ट्र को प्रदान कर सकते हैं।

उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा पेंशनर साथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपस्थित आयुष चिकित्सकों के द्वारा विगत माह के स्वास्थ्य परीक्षण के अनुसार दवाई वितरण करते हुए योग की शिक्षा भी प्रदान की गई। अध्यक्ष द्वारा आजादी के पर्व को धूमधाम से मनाने कर निर्णय लिया गया ।सभी पेंशनरों को उपस्थित होने की अपील की गई। बैठक में सचिव पुरुषोत्तम देशमुख, बीआर बेलसर, बीआर साहू, आरके साहू, सीआर साहू, आईआर देवांगन, लखनलाल, मुरारी लाल साहू, केपी ठाकुर, डीडी साहू, जे पी सोनेश्वर, उमेंद्र लाल डोंगरे, विष्णु प्रसाद ठाकुर, एन आर कुलहरिया, प्रहलाद सिंह ठाकुर, राधेश्याम गवारे, मोहनलाल धुर्वे, गणेश राम धुर्वे, विशंभर चतुर्वेदी, सीबी देशमुख, विष्णु प्रसाद नेताम, पुनाराम देशलहरे, ताम्रध्वज निषाद,पवन सिंह सॉरी, गोविंद राम, लखन प्रसाद तिवारी, थनवार सिंह, दयालु राम यादव, मदनलाल, सुरेंद्र ताम्रकार, डीपी देवांगन श्रीमती निरुपमा श्रीवास्तव, पंच बाई साहू ,कुमारी बाई राजपूत, सुरजा बाई यादव, पुष्पा कलिहारी किरण सिन्हा, फूलबाई विश्वकर्मा, कमल ठाकुर उपस्थित थे। उक्त जानकारी सचिव पी एल देशमुख द्वारा दी गई।

## दो लाख का गांजा जब्त

**दुर्ग।** लंबे समय से गांजा की तस्करी को लेकर पुलिस ऑपरेशन विश्वास अभियान चलाकर लाखों रुपए का गांजा बेचने वाले दो युवकों को दुर्ग कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिला अस्पताल दुर्ग के पास भारी मात्रा में गांजा अपने पास रखकर ग्राहक की तलाश कर रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर ग्राम चाका मुंडीचर प्रयागराज यूपी निवासी मोहित जायसवाल, डब्ल्यू बंसकार अपना नाम बताया है। गांजा को उड़सिा से खरीद कर बस में सवार होकर दुर्ग पहुंचे। दुर्ग से ट्रेन पकड़कर वापस इलाहाबाद प्रयागराज जाने की तैयारी में थे। दुर्ग कोतवाली प्रभारी तापेश्वर नेताम की टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। युवकों के पास से पुलिस ने 21.260 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 2,10 लाख रुपए का है। आरोपियों के पास से मोबाईल भी जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography) DCA
BSc Maths CS/Bio PGDCA
BCA AICTE Approved B.Lib
BCom PG Diploma In YOGA
MCom BEd
MSW DEIEd
MA Hindi BSc BEd
MSc Physics & Chemistry Computer Science
Anda, Durg
☎ : 9575037637, 6265377477

## बुनकरों को मिला प्रशिक्षण, किया व पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण



**बालोद/निकुम।** जिले में संचालित श्रीराम जानकी बुनकर समिति भरदा टंटेगा में नियमित रुप 102 बुनकर परिवार कार्यरत है, बुनकरो को समय के साथ हाईटेक कर समय बचाकर अधिक मुनाफा कमाने व डिजाइन सहित बुनकर की बारिकियो एक सप्ताह कार्यशाला लगाकर प्रशिक्षण दिया। वही राष्ट्रीय बुनकर दिवस पर कार्यरत बुनकरो को कर्मशाला में सम्मानित किया गया, इस अवसर पर प्रबंधक नरेश देवागन ने कहा कि सरकार से अनुरोध ह, बुनकरो को मित्वयता निधि लागू किया जाये जिससे बुनकर का अंशदान 5 प्रतिशतव सरकार का 5 प्रतिशत राशि जमा हो ,ताकि 60 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन के स्वरुप धनराशि प्राप्त हो। वही इस अवसर पर्यावरण संरक्षण के उदेश्य के साथ सभी ने मिलकर पौधारोपण किया। जिसमें लक्ष्मण देवागन, लखन देवागन, दीनाराम देवागन, जगदीश देवागन, फेकराम, विजय, ठाकुर राम का सम्मान किया।

PAWAN CONSULTANCY
● MBBS, MS/MD ● B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
● BDS, MDS ● AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
● BAMS ● ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
● BHMS ● BBA, MBA
● BNYS ● LLB, LLM
● BPT ● BCA, MCA
● NURSING ● VETERINARY
● PARAMEDICAL ● B.Lib, M.Lib
● D. PHARMA ● Nursery to Class 12th (All subject)
● B. PHARMA ● All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
● M. PHARMA ● PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
● Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
● Education Loan Facility ● On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
TEAM CREATIVE
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### ओरमा में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया

**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा मुख्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में महिला बाल विकास विभाग द्वारा केंद्र सरकार की माहिती योजना विश्व स्तनपान दिवस बालोद ग्रामीण सेक्टर अंतर्गत ग्राम ओरमा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में संपन्न हुआ। जहां पर ग्राम ओरमा, मेडकी, बघमरा, भोथली, ख़रथुली, पड़ेगुड़ा व सभी गांव के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं गर्भवती माताएं, शिशुमाती माताएं को स्तनपान एवं गोद भराई का कार्य एवं राज्यों केंद्र सरकार की योजना का विस्तार पूर्वक आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में पर्यवेक्षक रेखा देवांगन के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कमलेश्वरी साहू के मार्गदर्शन पर विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओरमा सरपंच मंजूलता परस साहू एवं वार्ड पंच फागुनी निषाद सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, यशोदा, पेमिन, रीमा, भावना, संतोषी, चम्पा, पवनरेखा, ताजिया, प्रभा सहायिका मे गमिता उर्मिला उपस्थित थी।

### हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य: नियम तोड़ने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**बालोद।** जिला प्रशासन ने सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने एवं जनहानी को रोकने के उदेश्य से आम जनता के साथ मे शासकीय कर्मचारियो पर भी शिकंजा कसा है एवं उन्हे भी निर्देशित किया गया है कि वे सभी यातायात नियमो का पालन करे दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहले व चापहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करे अन्यथा उन्हे भी कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने बताया कि जिले में अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट के यात्र करने से जनहानि होती है। इन दुर्घटनों में हो रही जनहानि में कमी लाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय बालोद के सर्व कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों को यात्र के दौरान यातायात निर्देशों एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला कार्यालय में मोटर साईकिल व दोपहिया वाहन से आने वाले सभी अधिकारी, कर्मचारियों को हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना होगा। साथ ही कार्यालय में अनिवार्य रूप कार्यालयीन आईडी परिचय पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

**बालोद।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय अग्निवीर थलसेना 2025 में अग्निवीर थलसेना भर्ती 2025 के लिए ऑनलाईन लिखित परीक्षा सीईई की परीक्षा परिणाम जारी हो गया हैं। बालोद जिले के जिन आवेदकों द्वारा अग्निवीर थलसेना 2025 ऑनलाइन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया गया हैं। उन आवेदकों को जिला प्रशासन बालोद द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेना भतएँ कार्यालय द्वारा शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण परीक्षा माह दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में आयोजित होना संभावित हैं। अतः जिलें के ऐसे आवेदक जिन्होनें अग्निवीर थलसेना 2025 ऑनलाईन लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया है।

**आयोजन : राज्य स्तरीय कब-बुलबुल शिविर में बालोद का दबदबा रहा**

# सदा तत्पर की भावना से बालोद के कब-बुलबुलों ने जीता राज्य मंच पर दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ग्रामीण प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

जिले के कब–बुलबुलों ने राज्य स्तरीय शिविर में रचा कीर्तिमान, सर्वश्रेष्ठ दल का सम्मान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कब बुलबुल चतुर्थ चरण हीरख पंख जांच सह उत्सव दिनांक 2 से 5 अगस्त 2025 साइंस कॉलेज मैदान, सरकण्डा, बिलासपुर में उत्साहपूर्वक सम्पन हुआ। जिला बालोद के विकासखंड डौंडी लोहरा की कब और बुलबुल टीम ने अनुकरणीय सहभागिता और प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बाल मन में सेवा, सहयोग, आत्मनिर्भरता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करना रहा। चार दिवसीय इस आयोजन में प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, झंडा वंदन, स्काउटिंग शिष्टाचार, योग, खेल–कूद, गीत–संगीत, शिविर व्यवस्था, और सेवा कार्य सहित अनेक रचनात्मक व चरित्र निर्माणकारी गतिविधियों से परिचित कराया गया। जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के मार्गदर्शन व अगुवाई एवं जिला शिक्षा अधिकारी व पदेन जिला आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला बालोद पीसी मरकले जिला सचिव के एल गजेन्द्र डी ओ सी द्वय नेमसिंह साहू प्रेमलता चंद्राकार एवं जिला सहायक आयुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा के दिशा निर्देशन में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के 55 कब बुलबुल शामिल हुए। जिला से प्रभारी छगन लाल बंसोर के नेतृत्व में प्रभारी गजेन्द्र खरे, महेश जगनायक, डीलेश्वरी साहू, धनेश्वरी सोनवानी, चंद्रकला ठाकुर शिविर में शामिल हुए।





### बालोद जिले का ऐतिहासिक प्रदर्शन

बालोद जिले के कब–बुलबुल प्रतिभागियों ने पूरे शिविर में अनुकरणीय अनुशासन, सशक्त सहभागिता और रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ दल का सम्मान प्राप्त किया, जो जिले के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इन बच्चों ने "सदा तत्पर" की भावना को चरितार्थ करते हुए राज्य स्तर पर जिले का परचम लहराया। शिविर संचालन श्री शैलेन्द्र मिश्रा राज्य प्रशिक्षण आयुक्त मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

चतुर्थ चरण/ हीरख पंख जाँच के अंतर्गत बच्चों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें प्राथमिक उपचार, गांठें, झंझ विधि एवं शिविर शिष्टाचार, देशभक्ति गीत, समूह गायन, सेवा कार्य व अनुशासन, सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं लोकनृत्य, योग, शारीरिक अभ्यास एवं सामूहिक गतिविधियों के साथ खेल एवं गतिविधियो में मेंढक कूद, संतुलन दौड (चम्मच कंचा), काला मुड़ी, रस्सी कूद, वास्केट बॉल, पिन बोर्ड, लड्डू, गिल्ली डंडा वैकेट/बॉल, ग्लास बॉल, बलून फोड़ आदि प्रमुख है। यह शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व कौशल, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूती प्रदान करता है। उद्घाटन के दौरान राज्य प्रतीक चिन्ह का लोकार्पण किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की आकृति, बुलबुल पक्षी, और शाख करें – कोशिश करें जैसा प्रेरणादायक संदेश समाहित था। इस चार दिवसीय उत्सव में प्रदेश के सभी जिलों के कब–बुलबुलों ने भाग लिया, लेकिन डौंडी लोहरा विकासखंड के नन्हे स्काउट्स व गाइड्स (कब बुलबुल) ने जोश, अनुशासन, रचनात्मकता और सेवा भावना के साथ सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए सबका ध्यान आकर्षित किया।



### प्रमुख उपलब्धियां एवं प्रस्तुतियां

इस उत्सव में जिले से डौंडी लोहरा की टीम ने यह सिद्ध किया कि ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाएं भी राज्य स्तर पर नेतृत्व और नवाचार में किसी से कम नहीं हैं। स्काउटिंग की भावना, सेवा, समर्पण और साहस को जीवन्त करते हुए, बच्चों ने मंच पर अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन समारोह में राज्य नेतृत्व द्वारा विशेष रूप से डौंडी लोहरा विकासखंड की सक्रियता, शिष्टाचार और प्रस्तुतियों की भूरी–भूरी प्रशंसा की गई। यह नन्हे कब–बुलबुलों के लिए एक यादगार अनुभव और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव साबित हुआ।

### स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य स्तरीय शिविर में बालोद की टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने कहा इस उपलब्धिपूर्ण प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि जब संगठनात्मक समर्पण, बच्चों का उत्साह और मार्गदर्शकों का समन्वय एक दिशा में हो – तो सफलता निश्चित होती है। यह उपलब्धि समस्त जिले के लिए गौरव की बात है और अन्य विकासखंडों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी। इस उपलब्धि पर विकासखंड के पीएम श्री शास प्राथमिक शाला डौंडीलोहारा, प्राथ शाला खैरीडीह, धनगांव, बगईकोन्हा एवं भालूकोन्हा विद्यालय के कब बुलबुल शामिल रहे। विकासखंड जिला गौरव को बधाई शुभकामनाएं जिला संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, जिला मीडिया प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष सत्यवान पिपरिया, डीटीसी द्वय स्काउट भुवन सिन्हा, गाइड सीमा साहू, ब्लॉक सचिवगण रूपेंद्र सिन्हा, मनीराम साहू, चंद्रशेखर दिल्लीवार, एसआर प्रेमन, सयुक्त सचिव नोम साहू, घनेश्वरी साहू, तनूजा बंजारे, लिलिपुष्पा एक्का, सहायक वि.खं शिक्षा अधिकारी अश्वन साहू, बीआरसीसी दिनेश मालेकर, वरिष्ठ कब मास्टर भोला राम साहू वारूणी दिल्लीवार, विजय पटेल, परमानंद साहू के साथ विकासखंड के स्काउटर गाइडर ने हर्ष व्यक्त की।

# विनायकपुर में स्तनपान के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत विनायकपुर में स्तनपान सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच योगेंद्र दिल्लीवर उप सरपंच शशि ठाकुर वरिष्ठ नागरिक जगन्नाथ देवांगन मोतीलाल मारकंडे टिकेंद्र चंद्राकर, प्रेमलता योगी मीनाक्षी नेता उपस्थित थे, ग्राम सरपंच ने अपने उद्बोधन में स्तनपान के महत्व पर जानकारी दी।

पर्यवेक्षक रेखा लोणारे द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ स्तनपान के महत्व बोतल से दूध पिलाने से होने वाले खतरे के संबंध में जानकारीदी। प्रेमलता योगी ने गुड टच बेड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में बताया गया। प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया बालिकाओं का कुर्सी दौड़ में प्रथम पल्लवी, द्वितीय तुलसी साहू, तृतीय निशा पटेल रही, प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

रेडी टू इट से बने व्यंजन की प्रदर्शन लगाई गई रेडी टू इट के सही उपयोग करने पर ही पोषण में सुधार होगा। आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका गोमती देवांगन सुभाष देवांगन प्रमिला साहू शकुंतला दवा कुसुम गजपाल योगेश्वरी मालती सुलोचना साहू उपस्थित।

# चिखलाकसा में निकली तिरंगा यात्रा, 'हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता' अभियान को मिला जनसमर्थन

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/चिखलाकसा



'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' कार्यक्रम के तहत 7 अगस्त 2025 को नगर पंचायत कार्यालय से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। देशभक्ति और स्वच्छता के संदेश को लेकर निकली इस यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने पूरे जोश और उल्लास के साथ भाग लिया, हाथों में तिरंगा लिए नागरिकों ने नगर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे सहित वार्ड पार्षद, पूर्व पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी संघ, स्कूली शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्वच्छता दीदी और नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी शामिल हुए।

**उपस्थित पार्षदों में शामिल रहे:**1,वार्ड हेमकुंवर तारम,वार्ड 2– शांतनु मेश्राम,वार्ड 3–तारा चंद पाथोडे,वार्ड 5–बसंत कुमार,वार्ड 6–खेदू सिंह गौतम,वार्ड 7– भिखी मसिया,वार्ड 8–लल्लू राम टेकाम,वार्ड 9–नूतन दास,वार्ड 10–सुनीता गुप्ता,वार्ड 11– बसंत जैन,वार्ड 12–संध्या शर्मा ,वार्ड 13–विमला जैन, वार्ड 14– संतोष झा, वार्ड 15– लीला डडसेना साथ ही पूर्व उपाध्यक्ष भरत भाई पटेल, पूर्व पार्षद लता पाथोड़े, मीडिया प्रभारी हितेश कुमार, युवा नेता बृजमनी यादव, व्यापारी संघ सदस्य आलोक जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी और उप अभियंता राकेश कुमार पाठक की उपस्थिति से आयोजन को दिशा और गति मिली। नगरवासियों ने इस अभियान को हाथोंहाथ लिया और पूरे नगर में तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों की गूंज सुनाई दी। स्कूली बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। नगाड़ों की थाप, तिरंगे की शान और स्वच्छता का संदेश–यही बना चिखलाकसा की तिरंगा यात्रा की पहचान।






# पालक-शिक्षक बैठक में नई शिक्षा नीति और छात्रों के भविष्य पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़यिा में किया गया इसका मुख्य उद्देश्य पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चो की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों की भविष्य की संभावनाओं का आकलन करने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मान्शानुरुप कार्य करना रहा इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यर्थियों द्वारा कोड़िया ग्राम का इतिहास बताया गया साथ ही जिन छात्रों के अपार ID नहीं बने है उनको मार्गदर्शन दिया गया पालक अपने बच्चे की स्कूली गतिविधि एवं पढ़ाई पर भी फोकस रहे इस पर भी वार्ता हुई छात्रों को कौशल युक्त शिक्षा नई शिक्षा नीति 2020 से जोड़ने पर भी चर्चा हुई । इस अवसर पर सरपंच खुमान निषाद जनभागीदारी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रिंसिपल उज्जने मैडम जगदीश दीपक ग्रामीण अध्यक्ष, मलेश निषाद सामाजिक जिला अंकेक्षक,जगत जी शोर्य युवा ग्रुप अध्यक्ष फलेंद्र पटेल बुधेलाल निषाद करीबन 60 से ज्यादा पालक उपस्थित रहे इस अवसर पर डॉ सरोज साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया व्याख्यता भवानी सिंह देशमुख शीला चंद्रा डॉक्टर रूपमती साहू दानेश्वरी सिन्हा प्रीतम देवांगन वेदिका साहू हर्षा महलवार प्रीती सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू उपस्थित थे ।

# प्रगति स्कूल में 34वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 34 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर नवगठित छात्रसंघ पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई, शपथ संस्था की निवृतमान प्रधानाचार्य मंजूलता दिल्लीवार ने दिलाई। इस अवसर पर निःशुल्क शिक्षा अधिनियम अंतर्गत अध्ययनरत बच्चों को गणवेश भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुवात दिल्लीवार एवं प्रधानाचार्य कीर्तिबाला टांक ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की। टांक ने विद्यालय के प्रारंभिक उदघाटन अवसर की कुछ रोचक बातों की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इस विद्यालय का उदभव कैसे हुआ। दिल्लीवार मेडम ने भी विद्यालय की उपलब्धियों को बताया, बलदेव सिंह यादव ने कुछ पंक्तियों के माध्यम से बच्चों को अच्छे से पढ़ाई कर योग्य विद्यार्थी बनने की शुभकामनायें दी। अंत में प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने विद्यालय में सेवा प्रदान किये स्टाफ के कार्यो का उल्लेख करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया, इस अवसर पर विद्यालय के दिवंगत स्टाफों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके कार्यो का बखान किया, बच्चों ने अंत में केक काटकर विद्यालय का नाम गौरवगाथा में रहे ऐसी प्रार्थना की, स्थापना दिवस पर पौधारोपण भी किया गया, कार्यक्रम का संचालन ललित सिंह गौर ने किया।




### कुरुद नाला में डूबने से युवक की मौत

**भिलाई।** कुरुद नाले में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामले में जामुल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक गोकुल धाम निवासी देवेन्द्र यादव उर्फ भुरवा मंगलवार शाम से घर से निकला था। कभी कतभी मेशी भी चराया करता था। बुधवार की शाम देवेन्द्र का शव कुरुद नाले में तैरती पाई गई। आसपास के लोगों ने शव को नाले के बाहर के बाहर निकाला और बाद परिजन, पुलिस को जानकारी दी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# छात्राओं ने सैनिकों के नाम भेजीं राखी




**डौंडीलोहारा।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शासन की महती योजना एक राखी देश के सैनिकों के नाम के अंतर्गत नगर के शासकीय बालक उ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वी 10वीं 11वीं और 12 वी की छात्राओं ने सामूहिक रूप से 250 राखियां देश के वीर सैनिकों के नाम भेजी है। इस कार्यक्रम की प्रभारी ऐनुका शार्वा ने बच्चों को सैनिक और देश की महत्व बताते हुए, भाई-बहन के प्यार के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर 250 राखियां जिला स्काउट गाइड कार्यालय में डी ओ सी श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर को राखियां सुपुर्द की। जिसे चंद्राकर मैडम द्वारा स्वीकार करते हुए कहा कि किसी एक विद्यालय के सर्वाधिक संख्या में प्राप्त राखी है। जिसमें श्रीमती संगीता वैदे, एनुका शार्वा ने अपनी दोनों बेटियों अधीरा और अद्रिजा , तेजस्वरी साहू ने अपनी दोनों बेटियों नेत्रिका और सिम्मी, हेमंत साहू ने अपनी बेटी विनीता के नाम से भी राखी भेजी। सैनिकों के समर्पण को नमन करते हुए बच्चों ने सैनिकों के लिए अपने गांव की मिट्टी को तिलक के रूप में भेजा और साथ ही एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने देश की सेवा में लगे सैनिकों को अभिवादन किया और रक्षाबंधन के दिन प्यार के प्रतीक राखी को अपनी कलाइयों पर बांधने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर, वी के भंडारी, आर एस देशमुख, डी आर साहू, डुप्ले साहू,सौरभ शर्मा, राकेश कोठारी, एच नाईक और सभी शिक्षण उपस्थित थे।

